**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 02.09.2026**

**कोतवाली उरई पुलिस टीम द्वारा चेकिग के दौरान चेन स्नैचिंग की घटना कारित करने वाले एक शातिर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध असलहा, जिंदा/खोखा कारतूस, सोने का मंगलसूत्र व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल इत्यादि बरामद।**

अवगत कराना है कि वादिनी श्रीमती अर्चना पत्नी रविन्द्र निवासिनी- हरदोई गूजर थाना एट जनपद जालौन द्वारा उसके साथ हुई सोने का मंगलसूत्र की झपटमारी की घटना के संबन्ध में कोतवाली उरई पर प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसके आधार पर कोतवाली उरई पर मु0अ0सं0 507/26 धारा 304 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में जालौन पुलिस टीम द्वारा अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। कोतवाली उरई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त अरमान खान पुत्र वहीद खान उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम खेडा बेडा कोतवाली कोंच जनपद जालौन पैर में गोली लगने से घायल हुआ । अभियुक्त अरमान खान के पास से 01 अवैध असलहा,01 अदद खोखा व 02 अदद जिन्दा कारतूस, सोने का मंगल सूत्र, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद हुई है । अभियुक्त अरमान उपरोक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों/थानो से की जा रही है ।**

अभियुक्त का विवरण-

1.अरमान खान पुत्र वहीद उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम खेड़ा बेड़ा थाना कोंच जिला जालौन

पूछताछ का विवरण- प्रारम्भिक पूछताछ में अभियुक्त अरमान द्वारा स्वीकार किया गया है कि दिनांक 28.08.2026 को कोतवाली उरई क्षेत्रान्तर्गत रघुवीर धाम के पास से पैदल आ रही एक महिला के गले से मंगल सूत्र झपटा मारकर भाग गया था ।जिसे मै बेचने के लिये इधर-उधर घूम रहा था अच्छी कीमत न मिलने के कारण बेंच नहीं पाया था ।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01अदद देशी तमंचा 315 बोर
2. 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
4. 01 अदद सोने का मंगलसूत्र व 05 सोने के मोती
5. 01 अदद एक अदद मोटरसाईकिल रंग लाल कंपनी हीरो होंडा स्पलेंडर को सीज किया गया।
6. 01 अदद मोबाइल लावा कम्पनी का व 510 रुपये नकद

पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय पुलिस टीम ।